विकास भारती पब्लिक स्कूल
वार्षिक परीक्षा **(2024-25)**
विषय : हिंदी

कक्षा : आठवीं

वार्षिक परीक्षा (अभ्यास पत्र)

समयावधि – 2 घंटे 30 मिनट पूर्णांक – 60

नोट – 1) प्रश्न पत्र में चार खंड, तीन मुद्रित पृष्ठ और कुल प्रश्न 11 हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) प्रश्न संख्या लिखकर उत्तर दीजिए।
4) अतिरिक्त प्रश्नों के अंक नहीं दिए जाएँगे।
5) वैकल्पिक प्रश्नों में विकल्प संख्या के साथ विकल्प भी लिखें अन्यथा अंक नहीं दिए जाएँगे।

		खंड–क (पठन कौशल)	
प्रश्न 1		निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए।	
		बढ़ती जनसंख्या ने अनेक प्रकार की समस्याओं को जन्म दिया है-रोटी, कपड़ा, मकान की कमी, बेरोजगारी, निरक्षता, कृषि एवं उद्योगों के उत्पादनों में कमी आदि। हम जितनी अधिक उन्नति करते हैं या विकास करते हैं, जनसंख्या उसके अनुपात में बढ़ जाती है। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष हमारा विकास बहुत कम रह जाता है और विकास कार्य दिखाई नहीं देते। बढ़ती जनसंख्या के समक्ष सभी सरकारी प्रयास असफल दिखाई देते हैं। कृषि उत्पादन और औद्योगिक विकास बढ़ती जनसंख्या के सामने नगण्य सिद्ध हो रहे हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या वृद्धि पर नियत्रंण की अति आवश्यकता है। इसके बिना विकास के लिए किए गए सभी प्रकार के प्रयत्न अधूरे रह जाएँगे।	
	क)	गद्यांश के लिए एक उचित शीर्षक लिखिए।	**1**
	ख)	हम जितनी उन्नति करते हैं, जनसंख्या उसके अनुपात में क्या होती है– (1) घटती (2) बढ़ती (3) समान	**1**
	ग)	'सफल' शब्द का विलोम है–	
	घ)	(1) सफलता (2) असफल (3) सरकार	**1**
	ड.)	बढ़ती जनसंख्या ने कौन –कौन सी समस्याओं को जन्म दिया हैं?	**2**
		खंड–ख (व्याकरण)	
प्रश्न 2		निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।	
	क)	लोकोक्ति का अर्थ लिखें – जल में रहकर मगर से बैर	**1**
	ख)	वाक्य लिखते समय यदि कोई शब्द या वाक्य छूट जाए तो किस विराम– चिह्न का प्रयोग किया जाता है?	**1**
	ग)	'रघुपति राघव राजा राम।'(अलंकार का भेद लिखिए)	**1**

कृ०पृ०उ०

	घ)	रेखांकित पदबंध के प्रकार का नाम लिखिए। दादी माँ ने गीता पढ़ी।	**1**
	ड.)	निम्नलिखित वाक्य में से रेखांकित पद के कोई तीन पद–परिचय लिखिए। मेरा कार्यलय घर से दूर है।	**1**
	च)	उचित अविकारी शब्द भरें– जल्दी चलो, ...समय पर पहुँच सको।	**1**
	छ)	माँ ने सब्जियों को पानी से धोया।(कारक का भेद लिखिए)	**1**
	ज)	वर्ण–विच्छेद कीजिए – संन्यासी	**1**
	झ)	बच्चों से दौड़ा नहीं जाता। (वाच्य का भेद लिखिए)	**1**
	ञ)	मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएँ – बाल की खाल निकालना	**2**
	ट)	वाक्य का भेद लिखिए– 1) मैं खाना नहीं खाउँगी। (अर्थ के आधार पर) 2)वह बाजार गया, किंतु कुछ खरीद कर नहीं लाया। (रचना के आधार पर)	**2**
	ठ)	संधि–विच्छेद कीजिए – 1) अभ्यागत 2) रमेश	**2**
प्रश्न 3		निर्देशानुसार प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए।	
	क)	'बेमतलब' शब्द में उपसर्ग है– 1) बेम 2) बे 3) मतलब	**1**
	ख)	'अधपका' शब्द में समास है– 1) अव्ययीभाव समास 2) बहुव्रीहि समास 3) कर्मधारय समास	**1**
	ग)	'नागरी' शब्द का अनुचित अनेकार्थी शब्द है– 1) नगर की स्त्री 2) परदा 3) चतुर स्त्री	**1**
	घ)	'पवन' शब्द का उचित पर्यायवाची है– 1) पत्ता 2) मारुत 3) वामा	**1**
	ड.)	जब पुलिस ही रक्षक के स्थान पर.................बन जाए,तो अपराध नहीं रुकते।(उचित विलोम भरें)	**1**
	च)	'लालिमा' शब्द में मूल शब्द है– 1) ईमा 2) लाल 3) लालि	**1**
	छ)	अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनिए– 1) जिसके हाथ में वीणा हो – क) सदाचारी ख) वीणापाणि ग) शैव 2) जिसकी आयु लंबी हो – क) आस्तिक ख) कामचोर ग) दीर्घायु	**2**
	ज)	उचित शब्द भरें– 1) भारत में सेनानी.....................के लिए आते है। (भ्रमण, पर्यटन) 2) मैं .... स्नान करता हूँ। (नीत, नित)	**2**
		खंड–ग (वसंत)	
प्रश्न 4		निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर एक से दो वाक्यों में दीजिए।	**1x3=3**
	क)	गेपियाँ श्री कृष्ण की शिकायत किससे करती रहती थी?	
	ख)	फातिमा कौन से स्कूल में पढ़ाती थी?	
	ग)	खून से लथपथ कौन था?	

	घ)	लाला झाऊलाल की पत्नी ने उनसे कितने रुपये माँगें?	
प्रश्न 5		**किसने, किससे कहा ?** ''क्यों भाई, इतनी जल्दी मरने की तैयारी कर ली?''	**2**
प्रश्न 6	क)	**वाक्य बनाइए –** 1) अदब 2) शिखर	**2**
	ख)	**अर्थ लिखिए –** 1) परात 2) शीलता	**2**
प्रश्न 7		**निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों</u> के उत्तर विस्तार से लिखिए।**	**2x2=4**
	क)	कहानी **'बाज और साँप'** से क्या हमें संदेश मिलता है?	
	ख)	साइकिल आंदोलन से महिलाओं के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा?	
	ग)	**'अकबरी लोटा'** पाठ के आधार बिलवासी जी की कोई दो चारित्रिक विशेषता का वर्णन कीजिए?	
प्रश्न 8		**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**	**2**
		ऐसे बेहाल बिवाइन सों, पग कंटक जाल लगे पुनि जोए। हाय! महादुख पायो सखा, तुम आए इतै न कितै दिन खोए।।	
	क)	दिए गए पद के रचयिता का नाम लिखिए।	
	ख)	सुदामा के पैरों की दशा कैसी थी?	
		खंड–घ (लेखन कौशल)	
प्रश्न 9		**निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर पत्र लिखिए।**	**5**
	क) ख)	अपने क्षेत्र में बढ़ती हुई आपराधिक की घटनाओं की स्थिति बताते हुए दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। अपने विद्यालय में खराब फर्नीचर की स्थिति बताते हुए प्रधानाचार्या जी को पत्र लिखिए।	
प्रश्न 10		**निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर 120–150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**	**5**
	क) ख)	जीवन में सिनेमा का प्रभाव नारी शिक्षा	
प्रश्न 11	क) ख)	नए विद्यालय के उदघाटन का प्रचार करने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। अथवा आपके विद्यालय में आयोजित 'गणतंत्र दिवस' पर 100–120 शब्दों में एक प्रतिवेदन लिखिए।	**5**

====================

कृ०पृ०उ०